an>

Title: Regarding alleged irregularities in allocation made for Vikramjot Dam and Canal in Basti Parliamentary Constituency of Uttar pradesh.

**श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी (बस्ती) :** अध्यक्ष महोदया, माननीय कृषि मंत्री जी से कई सदस्यों ने सूखे पर प्रश्न पूछे हैं। इसी तरफ मैं भी माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश में सरयू नहर परियोजना पिछले 15 वर्षों से ज्यादा समय से चल रही है। 190 करोड़ रुपए की लागत से यह परियोजना शुरू हुई थी, लेकिन मुझे लगता है कि इसमें हजारों करोड़ रुपया खर्च हो गया है। अभी तक यह परियोजना पूरी नहीं हुई है।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि जो परियोजना शुरू की गई और वह परियोजना समय से पूरी हो जाती तो जो सूखा पड़ रहा है, वह न होता और समय पर खेतों को पानी मिल जाता। इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि परियोजना बनाई जाए तो उसे समय से पूरा भी किया जाए।

दूसरा, उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल में बस्ती जिला है। यहां हर साल बाढ़ आती है। मैंने इससे पहले भी सुश्री उमा भारती जी से प्रश्न के माध्यम से पूछा था कि विक्रम धूसवां बांध है यूपी-28 योजना के अंतर्गत है, भारत सरकार ने सैकड़ों करोड़ रुपया बांध की मरम्मत के लिए, बाढ़ को रोकने के लिए दिया था। पिछले तीन-चार वर्षों में उस पैसे की बंदर बांट हो रही है और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से और सरकार से निवेदन है कि वहां जांच कराई जाए और जो भी संबंधित अधिकारी या कर्मचारी दोषी हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए और जनता के हित में जो पैसा लगाया जाना चाहिए, वह लगाया जाए।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री सी.पी. जोशी, कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, श्री शरद त्रिपाठी और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।